# वार्षिक प्रतिवेदन

## 2021-22

## वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

दिनांक 30 मार्च, 2022

## वजीर राम सिंह राजकीय महाविद्यालय
## देहरी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

# वजीर राम सिंह राजकीय महाविद्यालय देहरी,
# तहसील फतेहपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

## वार्षिक प्रतिवेदन

## सत्र 2021–22

### मुख्यातिथि श्री राकेश पठानिया
### माननीय वन, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री, हि0प्र0 सरकार
### की अध्यक्षता में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह
### दिनांक 30 मार्च 2022
### प्राचार्य डॉ0 संजय सिंह पठानिया द्वारा प्रस्तुत

आज दिनांक 30.03.2022 को, वजीर राम सिंह राजकीय महाविद्यालय, देहरी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्यातिथि श्री राकेश पठानिया जी, माननीय वन, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री हिमाचल प्रदेश हैं। मैं, आपका, आपके साथ आए हुए विशिष्ट अतिथिगण, अभिभावकगण, मीडिया के बन्धुओं एवम् प्रिय विद्यार्थियों का इस सुअवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक अभिनंदन करता हूँ।

आपका जन्म 15 नवंबर, 1964 को गांव लदौड़ी, जिला कांगड़ा में हुआ। आप अपने विद्यालय एवं महाविद्यालय के दिनों से ही एक होनहार विद्यार्थी रहे। आपने अपनी पढ़ाई पुणे, इलाहाबाद और अमृतसर से पूरी की। आपका राजनीतिक जीवन 1991 में शुरू हुआ। आप भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के अध्यक्ष और राज्य सचिव रहे। आप भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भी रहे। आप 1998 में राज्य विधान सभा के लिए भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुने गए एवं 2007 में निर्दलीय के रूप में फिर से चुने गए। 1998–2003 तक आप पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष रहे। आप दिसंबर, 2017 में 13वीं विधानसभा के तीसरे कार्यकाल के लिए फिर से चुने गए। आप अध्यक्ष लोक प्रशासन समिति और सदस्य लोक लेखा और नियम और पुस्तकालय तथा सदस्य, सुविधा समिति के रूप में नामित किया गया।

आपने 2021 में भाजपा हिमाचल प्रदेश विधान सभा के वन, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री के रूप में शपथ लेकर नूरपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का मान बढ़ाया। आज आप सफलतापूर्वक अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने के साथ–साथ प्रदेश सरकार की अन्य जिम्मेदारियाँ भी बखूबी निभा रहे हैं। आपके नेतृत्व में यह क्षेत्र दिन दुगनी रात चौगुनी प्रगति कर रहा है।

# वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2021–22

## वजीर राम सिंह राजकीय महाविद्यालय देहरी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

### 1. महाविद्यालय परिचय

सन् 1971 ई० में नूरपुर रियासत के प्रतापी वंशज देशभक्त एवं स्वतंत्रता सेनानी वीर शिरोमणि वजीर राम सिंह पठानिया की स्मृति में वजीर राम सिंह राजकीय महाविद्यालय देहरी का निर्माण हुआ। स्थानीय विधायक कामरेड रामचंद्र व प्रशासनिक अधिकारी स्वर्गीय श्री ज्ञान सिंह पठानिया के अथक प्रयासों ने शिक्षा रूपी ज्योति इस इलाके की देहरी पर प्रज्वलित की। स्थानीय निवासियों के आर्थिक सहयोग व खेहर पंचायत के अविस्मरणीय सहयोग (200 कनाल भूमि का दान) ने महाविद्यालय निर्माण के स्वप्न को एक आधार भूमि प्रदान की तथा सन् 1971 में बाथू मंदिर के महंत श्री पुरुषोत्तम दास जी द्वारा महाविद्यालय भवन निर्माण की आधारशिला रखी गई।

आरंभ में महाविद्यालय में कला संकाय के विषयों की शिक्षण व्यवस्था उपलब्ध थी। सन् 1981 ई० में यहां वाणिज्य विषय की शिक्षा आरंभ हुई। तत्पश्चात् अप्रैल 1984 में स्थानीय जनता, विद्यार्थियों, स्थानीय व क्षेत्रीय नेताओं के अथक प्रयासों के फलस्वरूप महाविद्यालय का सरकारीकरण आरंभ हुआ। तब से आज तक न केवल महाविद्यालय के विद्यार्थियों की संख्या में इजाफा हुआ है, अपितु यह महाविद्यालय उत्तरोत्तर प्रगति करता आया है। यह महाविद्यालय न केवल फतेहपुर, ज्वाली, नूरपुर, इंदौरा एवं गुलेर इन पांच चुनाव क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए बल्कि पंजाब प्रांत के पठानकोट के विद्यार्थियों को भी अल्प खर्च में शिक्षा उपलब्ध करवाने में वरदान सिद्ध हुआ।

महाविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर पर भी शिक्षा उपलब्ध है। सरकार एवं स्थानीय राज नेताओं के समक्ष की गई मांग व महाविद्यालयी स्टाफ के प्रयासों के फलस्वरूप, महाविद्यालय में सन् 2012 में गणित एवं अर्थशास्त्र विषय में स्नातकोत्तर की कक्षाएं आरंभ हुई। 1 सितम्बर 2021 को हि.प्र. विश्वविद्यालय से एक निरीक्षण टीम ने महाविद्यालय का दौरा किया। महाविद्यालय की ओर से स्नातकोत्तर भौतिक विज्ञान, इतिहास, व स्नातकोत्तर वाणिज्य के लिये

प्रस्ताव सौंपा गया। इस वर्ष 2021 में महाविद्यालय में भौतिक विज्ञान की स्नातकोत्तर की कक्षायें प्रारम्भ हो गई हैं। जिनमें 30 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है। इसमें 27 छात्रायें व 03 छात्र हैं।

विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय में परीक्षा केन्द्र भी उपलब्ध करवाया गया है। हिमाचल प्रदेश सरकार की नई रूसा नीति के तहत महाविद्यालय में सी.बी.सी.एस. (च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम) परीक्षा प्रणाली को स्नातक स्तर पर शामिल किया गया है। महाविद्यालय में छात्राओं की अधिकाधिक संख्या को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि महाविद्यालय कन्या–शिक्षा का महत्वपूर्ण केन्द्र है।

वर्तमान में महाविद्यालय की तुलना यदि हम नए उभरते हुए शिक्षण संस्थानों से करें तो यह महाविद्यालय अभी आधारभूत ढांचागत सुविधाओं से वंचित है। बावजूद इसके महाविद्यालय अपने लक्ष्य से कभी पीछे नहीं हटा। क्योंकि प्रगति ही जीवन की वास्तविक पहचान है। इसी के क्रमिक विकास द्वारा गुणात्मक परिवर्तन का बोध होता है। ऐसी स्थिति में प्रत्येक व्यक्ति ही नहीं पूरे संस्थान का दायित्व बन जाता है कि वह अपने क्रमिक विकास के एक सुनिश्चित मोड़ पर अपना मूल्यांकन करे। इस तटस्थ मूल्यांकन से जहां प्रगति की पहचान होती है, वहीं भविष्य की बेहतर संभावनाएं भी दृष्टिगोचर होती हैं, जिन पर सुनियोजित ढंग से आगे बढ़ा जा सकता है।

यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि आज शैक्षणिक संस्थान के रूप में 51 वर्ष स्थापित राजकीय महाविद्यालय देहरी के सत्र 2021–22 की उपलब्धियाँ और सम्भावनाओं को वार्षिक प्रतिवेदन के रूप में आज गणमान्य लोगों के बीच में रखने का सुअवसर प्राप्त हुआ है।

महोदय, मैं आपके समक्ष महाविद्यालय में आयोजित सत्र 2021–22 की विभिन्न वार्षिक गतिविधियों एवं उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**अध्यापक वर्ग**

1. कुल पद – 45
2. कार्यरत – 25
   - (क) रेगुलर – 24
   - (ख) कान्ट्रैक्ट – 01
   - (ग) पी.टी.ए. लोकल – 02 रिक्त पद – 20

**गैर शिक्षक वर्ग**

कुल पद – 21

कार्यरत – 11 रिक्त पद – 10

अधीक्षक – 01

वरिष्ठ सहायक – 01 (रिक्त) क्लर्क – 01

कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक – 03 (रिक्त)

पुस्तकालय अध्यक्ष – 01

वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक – 02 रिक्त – 01

तबला वादक – 01

चपरासी – 09 रिक्त – 01

(क) महाविद्यालय से स्थानांतरित –

प्रो. राजीव कुमार (भूगोल), राजकीय महाविद्यालय, ढलियारा हेतु।

प्रो. नेहा (हिन्दी), राजकीय महाविद्यालय, पौन्टा साहिब हेतु।

प्रो. शशि बाला (भौतिक विज्ञान), राजकीय महाविद्यालय नूरपुर हेतु।

प्रो. शिखा राणा (भौतिक विज्ञान), राजकीय महाविद्यालय सुग–भटोली हेतु।

(ख) महाविद्यालय में स्थानांतरित –

प्रो. संजय सिंह पठानिया (भूगोल), राजकीय महाविद्यालय, धर्मशाला से।

प्रो. सीमा (भौतिक विज्ञान), राजकीय महाविद्यालय नूरपुर से।

प्रो. दीपशिखा (अंग्रेजी), राजकीय महाविद्यालय पालमपुर से।

प्रो. रोहित (रसायन विज्ञान), राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियाँ से।

प्रो. सुमन लता (भौतिक विज्ञान), राजकीय महाविद्यालय सुग–भटोली से।

(ग) महाविद्यालय में स्थानांतरित गैर–शिक्षा कर्मचारी –

श्री राजेन्द्र (वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक)

(घ) महाविद्यालय से सेवा निवृत्त गैर–शिक्षक वर्ग –

श्रीमती सविता कुमारी (चपरासी) चतुर्थ कर्मी

श्रीमती विमला देवी (चपरासी व चौकीदार) चतुर्थ कर्मी

**विद्यार्थी संख्या विवरण :**

महाविद्यालय में सत्र 2021–22 में कुल 2567 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिनमें छात्र व छात्राओं की संख्या का विवरण इस प्रकार है :

| कक्षा | छात्र | छात्राएं | कुल विद्यार्थी |
|---|---|---|---|
| प्रथम वर्ष | | | |
| बी.ए. | 138 | 285 | 423 |
| बी.एस.सी. | 157 | 231 | 388 |
| बी.कॉम | 52 | 52 | 104 |
| द्वितीय वर्ष | | | |
| बी.ए. | 56 | 188 | 244 |
| बी.एस.सी. | 117 | 201 | 318 |
| बी.कॉम | 21 | 41 | 62 |
| तृतीय वर्ष | | | |
| बी.ए. | 73 | 297 | 367 |
| बी.एस.सी. | 166 | 249 | 415 |
| बी.कॉम | 63 | 69 | 132 |
| एमए प्रथम सत्र – स्नातकोत्तर | | | |
| अर्थशास्त्र | 03 | 25 | 28 |
| गणित | 04 | 36 | 40 |
| तृतीय सत्र – स्नातकोत्तर | | | |
| अर्थशास्त्र | 01 | 08 | 09 |
| गणित | 03 | 34 | 37 |

कुल विद्यार्थी = 2567

इस वर्ष महाविद्यालय में भौतिक विज्ञान स्नातकोत्तर की कक्षायें प्रारम्भ की गई। जिसमें 30 छात्रों ने दाखिला लिया।

4. छात्रवृत्तियां –

शिक्षा निदेशालय द्वारा निर्धारित विद्यार्थियों को प्राप्त होने वाली वार्षिक छात्रवृत्तियों के लिए सत्र 2021–22 के मांगपत्र का विवरण इस प्रकार से है –

| | छात्रवृत्ति योजना का नाम | नए | रिन्यूअल |
|---|---|---|---|
| 1. | पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति (एससी) छात्रवृत्ति योजना (हि.प्र.) | 08 | 02 |
| 2. | केन्द्रीय पोस्ट मैट्रिक, अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति (हि.प्र.) | 06 | 03 |
| 3. | केन्द्रीय पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति वर्ग छात्रवृत्ति | 01 | Nil |
| 4. | केन्द्रीय अनुभाग छात्रवृत्ति योजना | 17 | 22 |
| 5. | आर्थिक रूप से कमजोर अनुभाग के लिए डॉ0 आंबेडकर छात्रवृत्ति योजना | 02 | Nil |
| 6. | आईआरडीपी छात्रवृत्ति योजना | 14 | 02 |
| 7. | कल्पना चावला छात्रवृत्ति योजना | 04 | 10 |
| 8. | इंदिरा गांधी उत्कृष्ट छात्रवृत्ति योजना (हि.प्र.) | 00 | 00 |
| | कुल = 91 | 52 | 39 |

सत्रीय परीक्षा परिणाम :

| कक्षा | कुल | उत्तीर्ण | अनुत्तीर्ण | परिणाम प्रतिशत महाविद्यालय |
|---|---|---|---|---|
| बी.ए. प्रथम वर्ष | | | | 100% |
| बी.ए. द्वितीय वर्ष | | | | 100% |
| बी.ए. तृतीय वर्ष | 151 | 135 | 16 | 89% |
| बी.कॉम. प्रथम वर्ष | | | | 100% |
| बी.कॉम. द्वितीय वर्ष | | | | 100% |
| बी.कॉम. तृतीय वर्ष | 48 | 34 | 14 | 71% |
| बी.एस.सी. प्रथम वर्ष | | | | 100% |
| बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष | | | | 100% |
| बी.एस.सी. तृतीय वर्ष | 203 | 146 | 57 | 72% |
| एम.ए. अर्थशास्त्र | | | | |
| प्रथम सत्र | 09 | 04 | – | 44% |
| तृतीय सत्र | 16 | 16 | – | 100% |
| एम.एस.सी. गणित | | | | |
| प्रथम सत्र | 38 | 24 | – | 63.15% |
| तृतीय सत्र | 32 | 20 | – | 62.5% |

6. **शैक्षणिक भ्रमण** : महाविद्यालय के यात्रा व पर्यटन विभाग द्वारा BATTM और तृतीय वर्ष के छात्र–छात्राओं को Raison-Manali Leadership Development Programme (An Educational field tour) के लिए ले जाया गया। पाठ्यक्रम का ही एक हिस्सा होने के कारण इस तरह के भ्रमण यात्रा व पर्यटन विभाग के छात्रों को पर्यटन को नजदीक से और वास्तव में समझने का एक मौका देते हैं।

इस भ्रमण का आयोजन 14 नवम्बर, 2021 से 21 नवम्बर 2021 तक किया गया था। इसमें कुल 11 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस भ्रमण में विद्यार्थियों की देख–रेख के लिये प्रो. विनित कमल सारे भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों के साथ ही रहे।

7. **क्रीड़ा क्षेत्र :** महाविद्यालय में 8 दिसम्बर 2021 को वार्षिक ऐथलेटिक मीट का आयोजन किया गया।

समारोह के शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्यअतिथि प्रो. राजकुमार जम्बाल, राजकीय महाविद्यालय इन्दौरा रहे। जबकि समापन समारोह में श्रीमती वन्दना पठानिया मुख्य अतिथि रहीं। विद्यार्थियों ने इस ऐथलेटिक मीट में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 500 मीटर दौड़, ऊँची कूद व लम्बी कूद, डिस्कस थ्रो, भाला फेंक, शॉट पुट इत्यादि खेलों में भाग लिया। मुख्य अतिथि का स्वागत डॉ. संजय पठानिया व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अश्वनी अवस्थी द्वारा प्रस्तुत किया गया।

1. रैनबो इंटरनैशनल विद्यालय, नगरोटा बगवाँ में आयोजित हिमाचल प्रदेश ओपन राज्यस्तरीय भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में (20 व 21 नवम्बर 2021) में महाविद्यालय की दीपाली व पायल ने रजत पदक प्राप्त किए।

2. हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अन्तर विद्यालय टूर्नामेंट (9 से 11 दिसम्बर 2021) जो कि राजकीय महाविद्यालय इन्दौरा में हुआ। उसमें महाविद्यालय की टीम ने विजेता ट्रॉफी प्राप्त की। इसमें निम्नलिखित छात्रों ने विभिन्न पदक प्राप्त किए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | दीपाली | बी.ए. द्वितीय वर्ष | काँस्य पदक |
| 2. | अलका | बी.ए. तृतीय वर्ष | रजत पदक |
| 3. | अंजली | बी.ए. प्रथम वर्ष | रजत पदक |
| 4. | जयन्ती | बी.ए. प्रथम वर्ष | काँस्य पदक |
| 5. | रीतिका | बी.ए. प्रथम वर्ष | रजत पदक |
| 6. | अंकिता | बी.ए. प्रथम वर्ष | काँस्य पदक |
| 7. | सुनाली | बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष | रजत पदक |
| 8. | पायल | बी.ए. तृतीय वर्ष | रजत पदक |
| 9. | अक्षित | बी.कॉम. द्वितीय वर्ष | रजत पदक |

3. राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अन्तर महाविद्यालय चैम्पियनशिप में (29 व 30 दिसम्बर 2021) में महाविद्यालय की रीतिका (बी.ए. प्रथम वर्ष) ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया व भविष्य में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अन्तर विश्वविद्यालय चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए चयनित हुई।

4. राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में चयन प्रक्रिया में महाविद्यालय के अभिषेक, विश्न्त, अंकुश, कुनाल ने भाग लिया।

5. 'एम.एल.एस.एम.' महाविद्यालय सुन्दरनगर में 11 से 13 दिसम्बर 2021 को हिमाचल प्रदेश अन्तर महाविद्यालय टूर्नामेंट में महाविद्यालय की 'Wrestling Team' में गौरव बी.एस.सी. तृतीय वर्ष व हरितिक बी.ए. तृतीय वर्ष ने भाग लिया।

**सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियाँ –**

1. महाविद्यालय के भाषा विभाग (अंग्रेजी, संस्कृत व हिन्दी) द्वारा 30 सितम्बर, 2021 विश्व अनुवाद दिवस मनाया गया।

2. महाविद्यालय के छात्रों ने राजकीय महाविद्यालय, हमीरपुर में आयोजित हि0प्र0 यूथ फैस्टिवल भाग–3 में लोक–नृत्य प्रस्तुत किया।

3. महाविद्यालय के यात्रा व पर्यटन विभाग ने 'विश्व पर्यटन दिवस' के उपलक्ष में 5 दिवसीय (24.09.2021 से 28.09.2021) 'विश्व पर्यटन सप्ताह–2021' नामक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक गतिविधियाँ, सफाई एवं पौधारोपण अभियान, प्रश्नोत्तरी व भाषण प्रतियोगिता, सफाई एवं पर्यावरण जागरूकता पर आधारित नाटक और विशेषज्ञ व्याख्यान जैसी गतिविधियाँ का आयोजन किया।

4. महाविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा दिनांक 11 सितम्बर 2021 को एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसका विषय 'आधुनिक तकनीक व हिन्दी' था। इस व्याख्यान के मुख्य अतिथि डॉ. अशीथ कुमार मिश्रा, संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा विभाग हि.प्र. रहे।

5. हिंदी विभाग द्वारा 15 सितम्बर 2021 को एक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया जिसका विषय 'आधुनिक तकनीक और हिंदी' था।

6. महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग ने 29.11.2021 को Excise & Taxation विभाग नूरपुर

के सौजन्य से 'GST' विषय पर एक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया। इसमें देहरी महाविद्यालय के छात्रों के साथ–साथ, राजकीय महाविद्यालय रे, राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियां, राजकीय महाविद्यालय ज्वाली, राजकीय महाविद्यालय सुग भटोली ने भाग लिया। इस प्रश्नोत्तरी में प्रथम स्थान नगरोटा सूरियां, द्वितीय स्थान राजकीय महाविद्यालय रे व तृतीय स्थान राजकीय महाविद्यालय सुग भटोली ने प्राप्त किया।

अध्यापक–वर्ग की उपलब्धियाँ –

– **डॉ0 अश्वनी अवस्थी** ने 16.01.2022 को राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय सेमिनार, जिसका विषय 'National Conference on Society, Environment & Sustainable Development' था में अपना शोध पेपर प्रस्तुत किया।

(क) डॉ. अश्वनी अवस्थी सह–आचार्य शारीरिक शिक्षा विभाग ने खेल व फिटनेस विकास संस्थान द्वारा आयोजित Therapeutic योगा कार्यक्रम (14 से 16 जनवरी 2022) में सर्टीफिकेट कोर्स में भाग लिया।

(ख) अलीगढ़ विश्वविद्यालय (एच.आर.डी.सी.) द्वारा आयोजित 'Health & Hygiene' विषय पर एक सप्ताह का लघु अवधि कार्यक्रम में भाग लिया।

(ग) डॉ. अश्वनी अवस्थी सह–आचार्य, शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा (29.08.2021) को राष्ट्रीय खेल दिवस पर एक वैबिनार का आयोजन किया गया।

(घ) इन्हें चम्बा में आयोजित 'National Dragon Boat' (15-18 Nov. 2021) प्रतियोगिता में Official नियुक्त किया गया।

(ङ) डॉ. अश्वनी अवस्थी को बिलासपुर में आयोजित Kayaking and Canoeing Championship में पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया।

(च) राजकीय महाविद्यालय चम्बा में आयोजित SSHP-ETA-2021 (11 NOV. 2021) में इन्हें उत्कृष्ट अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

(छ) दिनांक 26.11.2021 को, सत्र 2021–22 के लिये हि.प्र. विश्वविद्यालय द्वारा Annual General House में इन्हें HP Sports & Co-curricular Council में इन्हें उप–प्रधान नियुक्त किया गया।

(ज) हि.प्र. अन्तर महाविद्यालय भारोत्तोलन चैम्पियनशिप (9–16 दिसम्बर 2021) में इन्हें पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया।

(झ) नौणी विश्वविद्यालय सोलन में आयोजित राज्य स्तरीय मास्टर गेम्स में भाग लिया व Hammer Throw एक नए रिकार्ड के साथ गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

3. **सह–आचार्य कामाक्षी लुम्बा (रसायन विज्ञान)** ने दिनांक 16.12.2021 से 22.12.2021 तक टी.एल.सी. रामानुजन महाविद्यालय दिल्ली विश्वविद्यालय से "Developing Moocs : Concepts & Tools" पर आयोजित संकाय संवर्धन में भाग लिया।

4. **सहायक आचार्य विनीत कमल (यात्रा एवं पयर्टन विभाग)** ने Institute of Vocational Studies, HPU (Shimla) द्वारा 11–12 दिसम्बर, 2021 को आयोजित 'Tourism Conclave 2021' में 'Golf Tourism as an Alternate Form of Tourism in India' नामक शोधपत्र प्रस्तुत किया।

**वनस्पति विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राकेश कुमार द्वारा**

1. अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में Enumeration of algal species creating problems in water reservoirs, water supplies and the possible solutions. International Research Journal of Plant Science 12(4) : 1-3. https:/dx.doi.org/10.14303/irjps.2021.24

तथा Euglena Species : Bioactive Compounds and their varied applications. Current Topics in Medicinal Chemistry. 21:1-14 नामक शोध पत्र प्रकाशित किए गए।

2. राजकीय महाविद्यालय नाहन में दिनांक 3–4 दिसम्बर, 2021 को आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन "National Conference on Reimaging and Redefining Higher Education in Light of National Education Policy : Vision to Action (HEI : NEP 2021)" में "Blended Learning ; Opportunities, Challenges and Solutions" तथा राजकीय महाविद्यालय पौंटा साहिब में दिनांक 28–29 दिसम्बर, 2021 को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी "National Seminar on Biodiversity and Sustainable Development" में "Microalgae Towards Achieving the Sustainable Development Goals" नामक शोध पत्र प्रस्तुत किये।

3. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–मानव संसाधन और विकास केन्द्र हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला द्वारा दिनांक 6–11 सितम्बर, 2021 को "योग और तनाव प्रबंधन" एवं दिनांक 24–29 जनवरी, 2022 को "आपदा प्रबंधन" विषयों पर आयोजित ऑनलाइन एक सप्ताह

शार्ट टर्म कोर्स या कार्यशालाओं में भाग लिया।

4. राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां में दिनांक 16–17 मार्च, 2022 को आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन "National Conference on Society, Environment and Sustainable Development (NCSESD-2022) में Impact of Covid-19 on The Environment and Changing Lifestyles" नामक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

**सहायक आचार्य शशि कुमार (वाणिज्य विभाग)** ने 24 जुलाई, 2021 को अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी

1. "Contemporary issues in Sustainable Management Practice and technology innovation" में "A Study to see association between age and customer's banking habits towards services being rendered by the Cooperative banks in Himachal Pradesh में भाग लिया।

2. 27 और 28 नवम्बर, 2021 को द्वितीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन "Role of Innovation Entrepreneurship and Management for Sustainable Development" शीर्षक के अन्तर्गत अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में "Association between Educational qualification and customer's perception towards services being rendered by the Cooperative banks in Himachal Pradesh शीर्षक के अन्तर्गत शोध पत्र प्रस्तुत किया।

3. 26 जून, 2021 को राष्ट्रीय सेमिनार "Customer Perception towards services being rendered by the Cooperative banks in Himachal Pradesh. A Case Study to see awareness Level of the customer's towards banking services" शीर्षक के अन्तर्गत शोध प्रस्तुत किया।

4. 31 जनवरी, 2022 को "Performance Evalution of Cooperative banks of Himachal Pradesh" शीर्षक के अंतर्गत डाक्टरेट उपाधि के लिए थीसिस हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में जमा करवाया गया है।

वार्षिक सत्र 2021–22 में एन.सी.सी. केयर टेकर के रूप में विभिन्न गतिविधियों को पूर्ण किया। महाविद्यालय में एन.सी.सी. हेतु 107 कैडेट के लिए अधिकृत है।

* **सहायक आचार्या रीमा कुमारी (अंग्रेज़ी विभाग)** ने दिनांक 10.12.2021 से 23.12.2021 तक जम्मू विश्वविद्यालय से यू.जी.सी., एच.आर.डी.सी. के अन्तर्गत आयोजित द्विसाप्ताहिक

रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया।

* **सहायक आचार्या, भावना कुमारी (अंग्रेज़ी विभाग)** ने 14.06.2021 से 25.06.2021 तक Communication Skills : Theory & Practices विषय पर इंटिग्रल विश्वविद्यालय से पंद्रह दिवसीय संकाय संवर्धन कार्यक्रम में भाग लिया।

* सहायक आचार्या, भावना कुमारी (अंग्रेज़ी विभाग) ने 7 सितम्बर, 2021 से 12 अक्तूबर 2021 तक यू.जी.सी. एच.आर.डी.सी. अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से फैक्लटी इंडक्शन प्रोग्राम में भाग लिया।

* **सहायक आचार्य विकास भसीन (कम्प्यूटर विभाग)** ने ए.आर.डी.सी., हि.प्र. विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित "Information & Communication Technology" विषय पर रिफ्रेशर कोर्स (01.02.2021 से 13.02.2021) में भाग लिया।

1. **डॉ० इन्द्रजीत सहायक आचार्य (वाणिज्य)** ने रामानुजन महाविद्यालय, (दिल्ली विश्वविद्यालय) से सितम्बर, 2021 में दो सप्ताह का रिफ्रेशर कोर्स जिसका विषय 'Managing Online Classic' में भाग लिया।
2. इन्होंने एक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में Exploring the Impact of Digital Technologies' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया जिसका आयोजन जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर द्वारा किया गया।
3. इन्होंने ढलियारा महाविद्यालय से (27 जनवरी–09 फरवरी 2022) तक 14 दिन की 'E-workshop' में भाग लिया। जिसका विषय 'Research Methodology' था।
4. इन्होंने एक अन्तर्राष्ट्रीय जनरल में "Role of National Education Policy and Implementation Strategy" विषय पर शोध पत्र प्रकाशित किया।
5. इन्होंने "Role of Modern Technology in Education" विषय पर शोध पत्र प्रकाशित किया।
6. इन्होंने 'National Education Policy 2020 : Issues and Challenges' विषय पर शोध पत्र प्रकाशित किया।
7. 'All Indian Accounting Association' के आजीवन सदस्य हैं।
8. इन्होंने INSPRA Research Association जयपुर में आजीवन सदस्य हैं।

9. इन्होंने तीन ऑनलाइन साप्ताहिक (Faculty Development Programme) पूर्ण किए।

10. **डॉ0 अक्षय कुमार, सहायक आचार्य (भौतिक विज्ञान)** द्वारा एक सप्ताह का "Psychological Skills for Effective Teaching & Learning" विषय पर 'संकाय विकास कार्यक्रम' दिनांक 6 जनवरी 2022 से 12 जनवरी 2022 (टी.एल.सी. रामानुजन कॉलेज विश्वविद्यालय दिल्ली द्वारा आयोजित) में भाग लिया।

इन्होंने भौतिकी विभाग तेजपुर विश्वविद्यालय, असम में दिनांक 16.06.2021 को आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में "Influences of Bi optical and electrical properties of a $(Ge_{20}Se_{80})_{90}M_x$(M=Bi×=10%) filed prepared via thermal evaporation" नामक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

जे.सी.डी.ए.वी. कॉलेज दसूआ, पंजाब में दिनांक 27.07.2021 को आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में "Influences of Bi Addition on optical and Structural Properties of GeSe Chalcogenide Thin Films" नामक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

मिलिया कला विज्ञान और प्रबंधन कॉलेज, बीड (महाराष्ट्र), भारत में दिनांक 11.01.2022 को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'Optical and Structural Properties of Ge-Se-Pb based Chalcogenide Thin Films" विषय पर, शोध पत्र प्रस्तुत किया।

**सहायक आचार्य सुधीर नेगी (जर्नलिज्म एण्ड मास कम्युनिकेशन) ने**

1. वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर (उ.प्र.) आंतरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ एवं जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित (14 जून–20 जून) संकाय संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत सात दिवसीय ई–कार्यशाला "डिजिटल दौर में मीडिया का बहुआयामी स्वरूप" में प्रतिभाग लिया।

2. पर्यटन विभाग तथा व्यवसाय दिशा निर्देश एवं परामर्श सेल द्वारा "पर्यटन व्यवसाय में रोजगार' के अवसर पर एक दिवसीय ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया (26 Sept.) जिसके संयोजक डॉ. सुधीर नेगी तथा आयोजन सचिव प्रो. विनीत कमल थे।

3. राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शारीरिक शिक्षा तथा व्यवसाय दिशा निर्देश एवं परामर्श सेल के द्वारा 'खेलों के हमारे जीवन में अनुशासन के लिए उपयोगिता और खेलों के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों पर एक दिवसीय ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया (29 Aug.)

जिसके संयोजक प्रो. सुधीर नेगी तथा आयोजक डॉ. अश्वनी अवस्थी थे।

4. केन्द्रीय विश्वविद्यालय राजस्थान के द्वारा तथा Communication Today (Media Journal) द्वारा आयोजित ऑनलाइन संगोष्ठी शृंखला के अंतर्गत मीडिया तथा इसकी उपयोगिता पर संगोष्ठी तथा कार्यशाला में भाग लिया।

* **सहायक आचार्या रेखा (जन्तु विज्ञान)** ने एच.आर.डी.सी., हि.प्र. विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित (FIP -08) में 10.11.2021 से 09.12.2021 तक भाग लिया।

* सहायक आचार्या रेखा (जन्तु विज्ञान) ने राष्ट्रीय युवा दिवस (12.10.2022) पर Virtual Youth Convention में भाग लिया।

* सहायक आचार्या रेखा (जन्तु विज्ञान) ने 11.08.2021 को सिद्धबाड़ी के गुंजन संस्थान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम जिसमें New India@75 Campaign की शुरूआत की गई में भाग लिया। इन्होंने 19.10.2021 को रेड रिबन क्लब की एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।

## सहायक आचार्या मंजू बाला ने

1. एनआईटी जालंधर द्वारा आयोजित 8–9 सितम्बर, 2021 को राष्ट्रीय सम्मेलन "Sustainable Environment : Challenges and Opportunities" में "Effect of Deforestation on Climate Change in Himachal Pradesh" नामक एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

2. गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज इंदौर द्वारा आयोजित 4 सितम्बर, 2021 "Sustainable thinking to challenge the climate crisis : A contemplation on sustainable development" राष्ट्रीय वेबिनार में भाग लिया।

3. गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज इंदौर द्वारा आयोजित 31 जुलाई, 2021 "Ecosystem Restoration For Sustainable Development" राष्ट्रीय वेबिनार में भाग लिया।

4. शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रायोजित पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण मिशन योजना (19 नवंबर–18 दिसम्बर, 2021) के तहत आयोजित ऑनलाइन एक महीने के फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम में भाग लिया।

## सहायक आचार्य रोहित ने

1. Materials Today जर्नल में "Psyllium Polysaccharide-Based Hydrogels as Smart Biomaterials" नामक शोध पत्र प्रकाशित किया।

2. एनआईटी जालंधर द्वारा आयेजित 25–27 जून, 2021 को अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन "Recent Development on Materials, Reliability, Safety and Environment Issues-2021 (IMRSE) में भाग लिया और "Hydrogels as Smart and Sustainable Biomaterials" नामक एक पेपर प्रस्तुत किया।

3. एनआईटी जालंधर द्वारा आयोजित 8–9 सितम्बर, 2021 को राष्ट्रीय सम्मेलन "Sustainable Environment: Challenges and Opportunities में "Cloud Burst events in Himalayan Regions" नामक एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

4. 29–30 सितम्बर को बेजिया विश्वविद्यालय, अल्जीरिया द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ई–सम्मेलन Polymer and Mediterranean Fiber International Conference 2021 में "Psyllium Polysaccharide based hydogels as smart biomaterials" नामक एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

5. रसायन विज्ञान विभाग, डीएवी विश्वविद्यालय जालंधर, भारत द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ई–सम्मेलन "Intellection, innovation and implication in Chemistry" HIC : 2021 में "Recent Trends in polysacharides based hydrogels and their applications" नामक एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

6. शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रायोजित पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण मिशन योजना (19 नवंबर–18 दिसंबर, 2021) के तहत आयोजित ऑनलाइन एक महीने के फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम में भाग लिया।

## एन.सी.सी.

महाविद्यालय की एन.सी.सी. इकाई की सत्र 2021–22 की गतिविधियां इस प्रकार हैं

क) इकाई के SD/SW द्वारा इकाई कार्यालय डलहौज़ी में केडेटस ने 18 सितम्बर, 2021 को नृत्य में भाग लिया।

ख) महाविद्यालय के 2 केडेट्स द्वारा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' क्रिया के तत्वाधान से संचालित ऑनलाइन सेमिनार में भाग लिया। यह सेमिनार 20 सितम्बर से 25 सितम्बर 2021 तक था।

ग) महाविद्यालय के 7 छात्रों ने चितकारा विश्वविद्यालय बद्दी में आयोजित "Combined Annual Training Camp में 16.09.2021 से 22.09.2021 तक भाग लिया।

घ) महाविद्यालय के केडेट गौरव कुमार ने MMU सोलन विश्वविद्यालय में 'Inter Group Competition' में भाग लिया।

ङ) महाविद्यालय के 13 केडेट्स ने CATC Camp जिसका आयोजन GSSS बगधार में 18.11.2021 से 24.11.2021 में आयोजित प्रशिक्षण कैम्प में भाग लिया।

च) महाविद्यालय के 42 केडेट्स ने CATC Camp में जिसका आयोजन एन.एच.पी.सी. कॉलोनी चैली ग्राऊंड बनीखेत में 25 नवंबर से 29 नवंबर 2021 तक हुआ।

छ) महाविद्यालय के 40 केडेट्स ने BEE Certificate के लिये राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में परीक्षा दी।

ज) महाविद्यालय के 13 केडेट्स ने CEE Certificate के लिये राजकीय महाविद्यालय मण्डी में परीक्षा दी।

झ) महाविद्यालय की एन.सी.सी. इकाई द्वारा रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। इसका आयोजन 15 अगस्त 2021 को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर किया गया। इसमें ठाकुर अर्जुन सिंह, एम.एल.ए. जवाली, श्रीमती रीता धीमान एम.एल.ए. इन्दौरा, डॉ. संजय सिंह पठानिया (प्राचार्य), डॉ. अश्वनी अवस्थी, डॉ. राकेश कुमार, श्री शशि कुमार, श्री अनिल कुमार, एन.सी.सी. यूनिट के छात्र आर्यन व राहुल चौधरी ने रक्त दान किया।

**राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियां इस प्रकार है –**

15 अगस्त 2021 – को जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस परेड का आयोजन रैहन ग्राऊंड में हिमाचल सरकार द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वजीर राम सिंह राजकीय महाविद्यालय देहरी की N.S.S. Unit-I, Unit-II के स्वयंसेवियों ने भाग लिया तथा रक्तदान भी किया।

26 अगस्त 2021 – महाविद्यालय के माननीय प्रिंसीपल डॉ० संजय सिंह पठानिया जी के नेतृत्व में N.S.S. इकाइयों ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सौजन्य से महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण अभियान का सफल आयोजन किया।

21 सितंबर 2021 – वजीर राम सिंह राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान के माध्यम से प्लास्टिक इत्यादि कूड़ा–कचरा साफ किया तथा महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को प्लास्टिक का प्रयोग न करने, अपने घरों को

स्वच्छता बनाए रखने के बारे में भी जागरूक किया।

24 सितंबर 2021 – माननीय प्रिंसीपल डॉ. संजय सिंह पठानिया के नेतृत्व में महाविद्यालय की N.S.S. Unit-I, II ने 24 सितंबर को "राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस" बड़ी धूमधाम से मनाया। स्वयंसेवियों ने नृत्य, गायन, भाषण इत्यादि के माध्यम से 'राष्ट्रीय सेवा योजना' के स्वरूप, उद्देश्य एवं महत्त्व के बारे में विद्यार्थियों को अवगत करवाया। साथ में महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण अभियान का भी आयोजन किया गया।

01 अक्तूबर, 2021 – इस दिन 'प्लॉग रन' का आयोजन N.S.S. की Unit-I, II ने महाविद्यालय के माननीय प्राचार्य डॉ. संजय सिंह पठानिया जी के नेतृत्व में राजकीय महाविद्यालय देहरी से ढसोली गाँव तक किया। प्लॉग रन के अंतर्गत स्वयंसेवियों ने दौड़ लगाते हुए सफाई की तथा आम जनता को "स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत" मिशन के बारे में जानकारी प्रदान की।

11 नवंबर, 2021 – महान स्वतंत्रता सेनानी बीर शिरोमणि वजीर राम सिंह पठानिया की पुण्यतिथि पर महाविद्यालय के नेशनल सर्विस स्कीम के वालिंटयर्स ने प्राचार्य डॉ. संजय सिंह पठानिया जी के नेतृत्व में पुष्प अर्पित किए एवं उनके त्याग, बलिदान का यशोगान एवं महत्त्व कॉलेज के विद्यार्थियों को बताया।

26 नवंबर, 2021 – इस दिन वजीर राम सिंह राजकीय महाविद्यालय देहरी की N.S.S. इकाइयों ने संविधान दिवस मनाया। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय सिंह पठानिया जी ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेदकर के जीवन के उपर प्रकाश डाला तथा भारतीय संविधान की मुख्य विशेषताओं के बारे में विद्यार्थियों को अवगत करवाया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने इस अवसर पर संविधान की उद्देशिका का वाचन करते हुए भारतीय संविधान की गरिमा, एकता, सम्प्रभुता तथा अखंडता को सुनिश्चित करने की शपथ भी ग्रहण की।

01 दिसंबर, 2021 – वजीर राम सिंह पठानिया राजकीय महाविद्यालय देहरी में विश्व एड्स दिवस का आयोजन 'राष्ट्रीय सेवा योजना' की इकाइयों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. संजय सिंह पठानिया ने समस्त स्वयंसेवियों का आह्वान करते हुए कहा कि वे समाज में एड्स जैसी महामारी के बारे में जागरूकता फैलाएं।

23 जनवरी, 2022 – नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में वजीर राम सिंह राजकीय महाविद्यालय देहरी में ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय सेवा

योजना के स्वयंसेवियों ने नारा लेखन, भाषण एवं पोस्टर इत्यादि के माध्यम से नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जीवन के बारे मे प्रकाश डाला।

25 जनवरी, 2022 – हिमाचल प्रदेश के पूर्ण राज्य बनने के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वजीर राम सिंह राजकीय महाविद्यालय देहरी की N.S.S. Unit-I & II ने प्राचार्य डॉ. संजय सिंह पठानिया के नेतृत्व में ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया जिसमें N.S.S. के वालिंटयर्स ने अपने भाषणों, स्लोगनों तथा पोस्टर इत्यादि के माध्यम से हिमाचल प्रदेश के इतिहास पर प्रकाश डाला।

26 जनवरी, 2022 – राजकीय महाविद्यालय देहरी की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने प्राचार्य डॉ. संजय सिंह पठानिया जी के नेतृत्व में ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवी स्वाति डोगरा, सिया शर्मा, अभिनव शर्मा, आर्यन, गौरव, अमित धीमान इत्यादि ने गणतंत्र दिवस के बारे में अपने विचार विद्यार्थियों के साथ सांझा किए।

दिनांक 22 फरवरी से 28 फरवरी, 2022 तक महाविद्यालय की एन.एस.एस. यूनिट ने शिविर का आयोजन किया। यह शिविर महाविद्यालय में ही लगाया गया।

शिविर की थीम, "शिक्षित व आत्मनिर्भर भारत रही। शिविर द्वारा 'कुतकाना सकोह' गांव को गोद लिया गया। इसमें महाविद्यालय के मैदान को समतल किया गया व कॉलेज प्रांगण की साफ–सफाई की गई।

शिविर के पाँचवे दिन एक रैली ढसोली गाँव तक निकाली गई जिसका थीम 'पर्यावरण संरक्षण' रही, दूसरी रैली सकोह गांव तक निकाली गई, जिसकी थीम 'नारी सशक्तिकरण' रही।

इस सत्र में एन.एस.एस. के श्रेष्ठ स्वयंसेवी रहे :

यूनिट -I -

गौरव (श्रेष्ठ स्वयंसेवी) बी.ए. द्वितीय वर्ष व स्वाति राना बी.ए. तृतीय वर्ष

यूनिट -II -

स्नेह राना, बी.एस.सी. तृतीय वर्ष व रित्रिक, बी.ए. तृतीय वर्ष

## रोवर एवं रेंजर

प्रतिवर्ष की तरह राजकीय महाविद्यालय में रोवर एवं रेंजर ग्रुप का गठन किया गया जिसमें 24 रेंजरज़ तथा 24 रोवरज़ चुने गये। रोवरज़ एवं रेंजरज़ के प्रभारी प्रो. सुधीर नेगी व प्रो. शिखा राणा हैं।

1. रोवरज़ एवं रेंजरज द्वारा 06.08.2021 को एक दिवसीय पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। जिसका विषय 'Plantation Drive Save Trees' था। "खेल एवं रोजगार की संभावनाएं तथा अनुशासन के क्षेत्र में खेलों का महत्त्व" जिसके आयोजन प्रो. सुधीर नेगी एवं आयोजक सचिव डॉ. अश्वनी अवस्थी रहे।

इस सत्र के श्रेष्ठ रेंजर साक्षी, बी.ए. प्रथम वर्ष व श्रेष्ठ रोवर अनीश चौधरी, बी.कॉम. तृतीय वर्ष रहे।

## Red Ribbon Club (Session : 2021-22)

1. 12.08.2022 को रेड रिबन क्लब के वॉलन्टियर (Volunteers) ने राष्ट्रीय स्तर के New India@75campaign में भाग लिया जिसमें मुख्य अतिथि केन्द्रीय मन्त्री – डॉ. भारती प्रवीन पवर रहे।

2. New India@75 campaign के अंतर्गत –

18.08.2021 को TB पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम – गंगा पठानिया, द्वितीय निधि शर्मा तथा तृतीय – वीना बेगम रहीं।

17.08.2021 को TB पोस्टर मेकिंग प्रतियोगित्ता में प्रथम – वीना बेगम, द्वितीय गंगा पठानिया तथा तृतीय प्रिया रहीं।

24.08.2021 को एक मिनट वीडियो प्रतियोगिता – रक्तदान में प्रथम शिवानी एवं द्वितीय गंगा पठानिया रही।

3. 01.09.2021 को प्राचार्य महोदय द्वारा New India Campaign@75 के विजेताओं को पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र वितरित किए गये।

4. 04.09.2021 को जिला स्तरीय Quiz Competition में रेड रिबन क्लब की – शिवानी एवं वीना बेगम ने द्वितीय स्थान हासिल किया जिसमें उन्होंने 2400 रुपए की राशि जीती।

5. 23.10.2021 को रेड रिबन क्लब के हनिश एवं आरुश ने जोनल हॉस्पिटल धर्मशाला में एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।

6. 12.02.2022 को राष्ट्रीय युवा दिवस पर रेड रिबन क्लब की Brand एम्बेसडर शिवानी ने भाग लिया (Online mode) ।

## CSCA

कोरोना महामारी के चलते महाविद्यालय में कार्यकारिणी का गठन नहीं हो पाया।

16. **वार्षिक पत्रिका हिमिका :**

महाविद्यालय में विद्यार्थियों की मौलिकता एवं सृजनात्मकता को रूपाकार देने में महाविद्‌यालयी पत्रिका हिमिका का महत्त्वपूर्ण योगदान है।

वर्तमान में इस पत्रिका के प्रधान संपादक प्रो. राकेश कुमार (वनस्पति विज्ञान) है।

अपनी संरचना में यह पत्रिका विभिन्न प्रभागों हिन्दी, अंग्रेज़ी, विज्ञान, खेल एवं स्वास्थ्य सुरक्षा, संस्कृत, प्लानिंग फोरम, पहाड़ी में विभाजित है। इन प्रभागों से संबंधित श्रेष्ठ व मौलिक विषय सामग्री के संपादन हेतु शिक्षक संपादक व विद्यार्थी संपादक नियुक्त किए गए हैं, जिनका विवरण इस प्रकार से है :

| विभाग<br>(छात्र / छात्रा संपादक) | (शिक्षक संपादक) |
|---|---|
| 1. हिन्दी<br>जागृति शर्मा<br>बी.ए. तृतीय वर्ष | प्रो. नेहा मिश्रा<br>(सहायक आचार्या हिन्दी) |
| 2. अंग्रेज़ी<br>समृद्धि पठानिया<br>बी.ए. तृतीय वर्ष | प्रो. रीमा कुमारी<br>(सहायक आचार्या अंग्रेज़ी) |
| 3. शारीरिक शिक्षा<br>अंकिता<br>बी.ए. तृतीय वर्ष | डॉ. अश्वनी अवस्थी<br>(सह आचार्य शा.शिक्षा) |
| 4. विज्ञान<br>किंजल ठाकुर<br>बी.एस.सी. तृतीय वर्ष | डॉ. ब्रिजेन्द्र भूषण<br>सहायक आचार्य (जीव विज्ञान) |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | प्लानिंग फोरम<br>अभिषेक भारती<br>बी.कॉम. तृतीय वर्ष | डॉ. इन्दरजीत सिंह<br>सहायक आचार्य (वाणिज्य विभाग) |
| 6. | संस्कृत<br>रागिनी<br>बी.ए. तृतीय वर्ष | श्री अनिल कुमार<br>सहायक आचार्य (संस्कृत) |
| 7. | फोटोग्राफी<br>संजीव कुमार<br>बी.जे.एम.सी. तृतीय वर्ष | श्री सुधीर नेगी<br>सहायक आचार्य (मास कम्युनिकेशन व जर्नलिज़म) |
| 8. | पहाड़ी<br>हेमलता शर्मा<br>बी.एस.सी. तृतीय वर्ष | प्रो. रेखा<br>सहायक आचार्य (जीव विज्ञान) |

## अभिभावक शिक्षक संघ (पी.टी.ए.)

वज़ीर राम सिंह महाविद्यालय देहरी सत्र 2021–22 कार्यकारिणी का गठन किया गया। अभिभावक अध्यापक संघ राजकीय महाविद्यालय देहरी की कार्यकारिणी निम्नलिखित है –

अध्यक्ष – डॉ. संजय सिंह पठानिया

प्रधान – श्री हरजीत सिंह

उप–प्रधान – श्री नरेन्द्र

सचिव – डॉ. कामाक्षी लुम्बा

संयुक्त सचिव – डॉ. नीलम कुमारी

सदस्य – डॉ. अश्वनी अवस्थी, प्रो. रीमा कुमारी, प्रो. इन्द्रजीत, प्रो. भवनिका

अभिभावक सदस्य – रजनी देवी, अंजना देवी, निशा देवी, रंजू देवी

कोषाध्यक्ष – रंजना देवी

मुख्य सलाहकार –

इस संघ के माध्यम से 2 अध्यापक व ......... अन्य कर्मचारी महाविद्यालय में कार्यरत हैं। वर्तमान में अभिभावक अध्यापक फंड में जमा राशि का विवरण इस प्रकार है :

**सत्र के आरम्भ में**

पी.टी.ए. में जमा राशि – 10,91,461

इस वर्ष नई जमा राशि – 14,21,797

पी.टी.ए. कर्मचारियों के वेतन पर खर्च की गई राशि – 15,87,038

पी.टी.ए. धनराशि का प्रयोग केवल पी.टी.ए. कर्मचारियों के वेतन पर ही खर्च किया जाता है। इसके अलावा इस धनराशि का प्रयोग किसी भी अन्य काम के लिये नहीं किया जाता।

अब खाते में कुल जमा राशि – 9,26,219

इस संघ के माध्यम से अध्यापक तथा 14 अन्य कर्मचारी महाविद्यालय में कार्यरत हैं। वर्तमान में अभिभावक अध्यापक फंड में उपलब्ध हैं।

**कार्यालय एवं वाचनालय**

पुस्तकालय एवं वाचनालय किसी भी शिक्षण संस्थान का मूल स्तंभ है। पुस्तकालयाध्यक्ष सहायक शिशना कुमारी पुस्तकालय से संबंधित विभिन्न कार्यों की देखरेख करती हैं। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए पुस्तकालय में 10,569 पुस्तकें हैं।

**महिला एवं शिकायत निवारण**

समिति सरकारी आदेशानुसार महाविद्यालय में महिला शिकायत निवारण समिति कार्यरत है, जिसकी समन्वयक डॉ. कामाक्षी लुम्बा है। यह समिति समय–समय पर महाविद्यालय में छात्राओं की सुरक्षा संबंधी विषयों पर विचार विमर्श करती रहती है।

**प्राथमिक चिकित्सा**

महाविद्यालय में प्राथमिक चिकित्सा समिति की समन्वयक सहायक आचार्य रेखा एवं सदस्य सहायक आचार्य विनीत कमल हैं।

**व्यवसाय निर्देशन एवं परामर्श प्रकोष्ठ**

प्रकोष्ठ के माध्यम से समय–समय पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को भविष्य के प्रति मार्गदर्शन, नौकरी, संबंधी अवसर और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित मार्गदर्शन विशेषज्ञों द्वारा किया गया।

क) व्यवसाय परामर्श एवं शिक्षा निर्देशक सेल तथा पर्यटन विभाग द्वारा एक दिवसीय ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका विषय पर्यटन सत्र में रोजगार की संभावनाएं था। इसके संयोजक प्रो. सुधीर नेगी एवं प्रो. विनीत कमल हैं।

ख)   व्यवसाय परामर्श एवं दिशा निर्देश सेल एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के द्वारा एक दिवसीय ऑनलाइन व्याख्यान किया गया। जिसका विषय 'खेल एवं रोजगार की संभावनाएं तथा अनुशासन के क्षेत्र में खेलों का महत्त्व था।'

**रैगिंग निरोधी समिति :**

भारतीय सर्वोच्च न्यायालय तथा हिमाचल प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार महाविद्यालय में सत्र 2021–22 हेतु रैगिंग विरोधी समिति का गठन किया गया, जिसके समन्वयक सह आचार्य डॉ. सिद्धार्थ हैं। समिति द्वारा रैगिंग विरोधी निर्देशों की सख्ती से अनुपालना सुनिश्चित करवाई गई तथा सत्र के दौरान कोई भी रैगिंग संबंधी मामला समिति के संज्ञान में नहीं आया है और ना ही विद्यार्थियों द्वारा रैगिंग संबंधी शिकायत दर्ज की गई।

**जैंडर चैम्पियन क्लब :**

देहरी कॉलेज में जैंडर चैम्पियन क्लब समन्वयक प्रो. सुधीर नेगी हैं व सदस्य प्रो. रेखा हैं।

1. जैंडर चैम्पियन क्लब द्वारा महाविद्यालय में जैंडर इक्विलिटी पर पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन तथा रैली का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के लगभग 124 विद्यार्थियों ने भाग लिया।
2. प्रतिवर्ष की तरह महाविद्यालय में जैंडर चैम्पियन क्लब का गठन किय गया। 6 छात्र तथा 6 छात्राएं जैंडर चैम्पियन चुनी गए।

इस सत्र में जैंडर चैम्पियन क्लब में श्रेष्ठ वालंटियर निम्न रहे :

1. अंजली सलारिया वी.जे.एम.सी. तृतीय वर्ष
2. पूजा देवी, वी.जे.एम.सी. तृतीय वर्ष
3. अर्शदीप सिंह बैंस, बी.ए. तृतीय वर्ष

**इको क्लब :**

महाविद्यालय में इको क्लब के समन्वयक, सहायक आचार्या भावना कुमारी हैं। महाविद्यालय में 'विश्व वन्य जीव संरक्षण दिवस' के उपलक्ष्य में 4 दिसम्बर 2021 को एकदिवसीय नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करना था।

**परिसर सौंदर्यीकरण समिति :**

राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना व रोवर रेंजर इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में बनी क्यारियों को सँवारा।

**इंग्लिश स्पीकिंग ट्रेनिंग कोर्स :**

यह कोर्स फरवरी 2019 से वजीर राम सिंह महाविद्यालय में शुरू किया गया। हि.प्र. सरकार द्वारा कौशल विकास भत्ता कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय को 60 सीटें दी गई, जिसमें 23 विद्यार्थी दाखिला ले चुके हैं। दिसम्बर–जनवरी 2020–21 में इस कोर्स का विज्ञापन पुनः किया गया। ये कोर्स मुख्यमंत्री स्वाबलंबन योजना के अंतर्गत आता है। कार्यक्रम के नोडल आफिसर प्रो. रीमा कुमारी, सहायक आचार्या अंग्रेज़ी, सहायक नोडल आफिसर प्रो. भयनिका (वाणिज्य विभाग) व्याख्याता प्रो. दीपशिखा व प्रो. भावना (अंग्रेज़ी विभाग) हैं।

**छात्रावास :**

वर्तमान में महाविद्याल छात्रावास में 06 छात्र रह रहे हैं।

**अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ:** महाविद्यालय में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के विशिष्ठ प्रकोष्ठ की व्यवस्था की गई है। इसमें विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित तैयारी कराने के साथ–2 विशिष्ट विषय संबंधी समस्याओं के निवारण हेतु शिक्षण कार्य किया जाता है। इस प्रकोष्ठ का कार्य सहायक आचार्य (इतिहास) अनिल कुमार के संरक्षण में सुचारू रूप से चल रहा है। विद्यार्थियों के लिए इसमें एक पुस्तकालय भी उपलब्ध है।

**आधारिक संरचना :**

1. उपलब्धियां :

रूसा आधारिक संरचना अनुदान 2.0

क) राजकीय महाविद्यालय देहरी को भारत सरकार द्वारा सांस्कृतिक अनुदान प्राप्त हुआ, जिसके अंतर्गत महाविद्यालय को आधारिक संरचना निर्माण हेतु 1.5 करोड़ रुपये की अनुदान राशि, नवीनीकरण, नवनिर्माण, उपकरण हेतु स्वीकृति हुई, जिसमें से विभिन्न उपकरण खरीदे गए व नवीनीकरण कार्य किया गया।

ख) रूसा के अन्तर्गत विभिन्न विकासात्मक कार्य प्रगति पर हैं। रूसा फंड से 20 सोलर लाइटें व 25 किलोवाट का सोलर पॉवर प्लांट नए अतिरिक्त भवन में लगवाने के लिए रुपए 12,64,180/– हिम ऊर्जा को प्रदान किए गए।

ग) विज्ञान विभाग की छत की मुरम्मत के लिये HIMUDA को रुपए 39,14,400/– की धनराशि रूसा फंड से प्रदान की गई है तथा शीघ्र ही इसका कार्य भी शुरू हो जायेगा।

घ) 25 किलो वॉट के दो सोलर पावर प्लांट व 9 सोलर लाइट विज्ञान संकाय में लगवाने के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्राप्त रुपए 11,02,500/– हिम ऊर्जा को प्रदान किए गए।

ङ) नये भवन के लिये उच्चतर निदेशालय द्वारा दी गई रुपए 10,45,959/– धनराशि से फर्नीचर खरीदा गया।

च) महाविद्यालय परिसर में आवारा पशुओं की रोकथाम के लिये तारबंदी का कार्य करवाया गया।

छ) परिसर के सौंदर्यीकरण हेतु कम्प्यूटर लैब के सामने ग्रिल गेट लगवाया गया।

ज) विज्ञान संकाय में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए ग्रिल लगवाई गई।

झ) बी.डी.ओ. कार्यालय द्वारा प्रदान की गई धनराशि के द्वारा पंचायत के अन्तर्गत मनरेगा के द्वारा महाविद्यालय परिसर की आसपास की झाड़ियां कटवाई जा रही हैं व परिसर की साफ–सफाई का कार्य चल रहा है। साथ में एक water rain harvesting tank और vermi compose fertilizer बनाने का भी प्रावधान होगा।

ञ) पुराने बैंच व डैस्क को रुपए 1,29,887/– की धनराशि खर्च कर जेल धर्मशाला से मुरम्मत करवाया गया।

**निर्माणाधीन योजनायें :**

क) हिमुडा के अन्तर्गत महाविद्यालय परिसर में बहु–उद्देशीय भवन का निर्माण किया जायेगा।

ख) वनस्पति विज्ञान की प्रयोगशाला के लिये 10 टेबल, 40 स्टूल उच्चतम निदेशालय द्वारा धनराशि से खरीदने का प्रावधान होगा।

ग) सनात्कोत्तर भौतिक विज्ञान के लिये 10 कम्प्यूटर टेबल व 10 कुर्सियां खरीदी जायेंगी।

घ) कम्प्यूटर साईस विभाग के लिये 10 कम्प्यूटर टेबल व 10 कुर्सियां खरीदी जायेंगी।

ङ) उच्चतर शिक्षा निदेशालय द्वारा A.Fund से 13,80,979 की धनराशि महाविद्यालय के लिये स्वीकृत की गई है जिसमें कम्प्यूटर सांईस विभाग के लिये 20 कम्प्यूटर 01 प्रिंटर व एक यू.पी.एस. खरीदा जायेगा।

**अपेक्षायें व योजनायें :**

क) अंग्रेज़ी, हिंदी, इतिहास, समाजशास्त्र, वाणिज्य व संस्कृत में स्नातकोत्तर कक्षाओं को आरंभ करवाने हेतु प्रयास करना। जिसके लिये निदेशालय को प्रस्ताव भेजा गया है।

ख) प्राचार्य, आचार्यों व कर्मचारियों के लिये आवासीय भवनों के निर्माण हेतु प्रयास करना।

ग) खेल मैदानों को संथेटिक ट्रैक में बनाने का प्रयास। खेल मैदानों की संख्या बढ़ाने एवं रख–रखाव का समुचित प्रयास करना।

घ) परिसर में अधिक सी.सी.टी.वी. कैमरे लगवाना।

ङ) हिमुडा को बहुदेशीय हॉल का ग्राऊंड फ्लोर बनाने के लिए रुपए 57,17,690/– की धनराशि प्रदान की गई है। हमारी आपसे प्रार्थना है कि उसके ऊपर प्रथम तल पर बनने वाले Conference Hall जिसकी लागत लगभग रुपए 94,17,300/– है, सरकार से दिलवाने का प्रावधान करें।

च) महाविद्यालय परिसर में एक केन्द्रीय पुस्तकालय, सभागार व प्रशासनिक भवन के निर्माण हेतु धनराशि उपलब्ध करवाई जाए।

**धन्यवाद ज्ञापन**

मैं सभा में उपस्थित सभी विशिष्ट गणमान्य अतिथियों का जिला प्रशासन, राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल एवं सिंचाई आपूर्ति विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग एवं स्थानीय प्रशासन का आभारी हूं जो यथा समय हमारी सहायता का सदैव तत्पर रहे हैं।

मैं जन संचार के माध्यम मीडिया का भी विशेष आभारी हूं, जिन्होंने हमारी उपलब्धियों एवं समस्याओं को जनता, प्रशासन, शिक्षा विभाग, जनमानस तक पहुंचाया।

मैं पीटीए सदस्यों का भी धन्यवाद करता हूं कि जिन्होंने अपने योगदान से महाविद्यालय को आगे बढ़ाने में सहायता प्रदान की है।

अंत में, मैं माननीय मुख्यातिथि महोदय का महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक धन्यवाद करता हूं कि आपने अपनी व्यस्तताओं से समय निकाल कर समारोह में सम्मिलित होकर हमारे विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

जय हिंद।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय देहरी